बीईसीसी-108

# कला स्नातक (अर्थशास्त्र ऑनर्स)
# (बी.ए.ई.सी.एच.)

## सत्रीय कार्य-2021

## पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–108
## मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-II

अर्थशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# बी.ई.सी.सी.–108 : मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-II

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.ई.सी.सी.–108 मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-II** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत वेटेज है।

**सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में मध्यम श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**सत्रीय कार्य-III** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। ये प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

**आपको सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास निम्नलिखित समय-सीमा के भीतर जमा करना होगा–**

31 अक्तूबर, 2021 तक उन सभी विद्यार्थियों को जिनका प्रवेश जनवरी 2021 शैक्षणिक सत्र में हुआ है।

जमा कराये गये सत्रीय कार्य की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें :

1) **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।
2) **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

   उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही हैं।

3) **प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ-साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द-सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ,

# मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र-II

## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.-108**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी/टी.एम.ए./2021**
**कुल अंक : 100**

## सत्रीय कार्य 1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक वर्ग के प्रश्नों का उत्तर 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**
**2x 20=40**

1. क) अल्पाधिकार के किन्हीं दो गैर-कपट संधि प्रतिमानों के अंतर्गत कीमत एवं उत्पादन निर्धारण की व्याख्या करें। (10)

   ख) किसी ऐसी बाज़ार संरचना पर विचार करें जिसके अंतर्गत A तथा B फर्में एक जैसी हैं तथा जिसके लागत फलन इस प्रकार हैं

   $C_i = 30Q_i$ , जहां $i$ के लिए $Q_i = \{A, B\}$ प्रत्येक फर्म द्वारा किया गया उत्पादन है।

   बाज़ार माँग इस प्रकार है :

   $$P = 210 - 1.5Q, \text{ जहां } Q = Q_A + Q_B$$


   i) उपरोक्त के लिए कूर्नो संतुलन को ज्ञात करें। 5)

   ii) यदि फर्म कपट संधि करती है तो इसका क्या परिणाम होगा? इसकी कूर्नो संतुलन के तहत परिणाम से तुलना करें। 5)

2. क) आप स्थैतिक द्यूत को गत्यात्मक द्यूत से किस प्रकार भिन्न समझते हैं? (6)

   ख) आप उपद्यूत पूर्ण नाश संतुलन से क्या समझते हैं? (6)

   ग) निम्नलिखित द्यूत क्रीड़ा पर विचार करें



i) क्या इस द्यूत के हल हेतु पार्श्वगामी आगमन विधि का प्रयोग किया जा सकता है? क्यों अथवा क्यों नहीं? (4)

ii) इस द्यूत हेतु उपद्यूत नाश संतुलन क्या होगा? (4)

## सत्रीय कार्य-2

**निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 10 अंक है।** **3x 10=30**

3. एक ऐसे एजवर्थ बॉक्स पर विचार करें जो दो व्यक्ति तथा दो वस्तुओं के बीच विनिमय को प्रदर्शित करता है। व्याख्या करें कि प्रारंभिक अक्षय निधि (endowment) से शुरू कर दो व्यक्तियों के बीच किस प्रकार व्यापार होता है? पैरेटो अनुकूलतम बिंदु तथा सम्पत्ति (endowment) बिंदु से गुजरती हुई रेखा के ढाल का क्या महत्त्व है? (10)

4. उस स्थिति पर चर्चा कीजिए जब कीमत प्रक्रिया साधनों के दक्षतापूर्ण आवंटन करने में विफल हो जाती है। इस विफलता को दूर करने के कौन-कौन संभावित तरीके हो सकते हैं? (10)

5) एक एकाधिकारिक प्रतियोगी फर्म अपने दो कारखानों में उत्पादन कर रही है। दोनों कारखानों की सीमांत लागत इस प्रकार है

$$MC_1 = 20 + 2Q_1 \text{ और } MC_2 = 10 + 5Q_2$$

जहां $Q_1$ तथा $Q_2$ कारखाने A तथा कारखाने B द्वारा उत्पादित उत्पादन की मात्रा हैं। यदि उत्पाद की कीमत $20 - 3(Q_1 + Q_2)$ समीकरण द्वारा प्रदत्त है तो फर्म प्रत्येक कारखाने में कितना उत्पादन करेगी और किस कीमत पर अपने उत्पाद को बेचेगी? (10)

## सत्रीय कार्य-3

**निम्नलिखित सभी प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।** **5x 6=30**

6. तीसरी श्रेणी की कीमत विभेद में मांग की कीमत लोच की क्या भूमिका होती है?

7. असममित (Asymmetric) सूचना की समस्या के समाधान के रूप में संकेतन (Signaling) तथा अनुवीक्षण (Screening) के बीच अंतर बताइये।

8. बैंथमिक कल्याण फलन तथा रावसियन कल्याण फलन के बीच तुलना तथा परस्पर विरोध पर चर्चा कीजिए।

9. एकाधिकारिक प्रतियोगिता से जुड़ी अतिरेक क्षमता की अवधारणा पर चर्चा कीजिए।

10. किसी भी द्यूत क्रीड़ा के कई नाश संतुलन अथवा कोई संतुलन नहीं हो सकता है? क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण दें।